# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/7372
दिनांक : 23-11-2022

## विज्ञप्ति

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों में सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित **परास्नातक स्तर** (एम0ए0, एम0काम0, एम0एस–सी0, एम0एस–सी0 कृषि, एल0एल0एम0) केवल सम सेमेस्टर (जून–2022) एवं स्नातक स्तर की सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों की **बी0एस–सी0 (कृषि)** तथा **बी0एस–सी0 (गृह विज्ञान)** की सम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा/बैक पेपर परीक्षा/भूतपूर्व छात्रों की परीक्षायें तथा सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित एवं **एल–एल0बी0 (त्रिवर्षीय)** की सम सेमेस्टर (जून–2022) की परीक्षाओं तथा **विश्वविद्यालय परिसर में संचालित समस्त स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों** (AICTE से मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रमों को छोड़कर) की सम सेमेस्टर (जून–2022) परीक्षायें सम्पन्न करायी जा चुकी हैं। परीक्षा परिणाम घोषित होने के उपरान्त विश्वविद्यालय परीक्षा समिति दिनांक 13.10.2022 में लिये गये संकल्पानुसार उपरोक्त सन्दर्भित समस्त पाठ्यक्रमों की स्पेशल सम सैमेस्टर परीक्षा करायी जानी प्रस्तावित है।

उपरोक्त सन्दर्भित पाठ्यक्रमों के समस्त छात्र/छात्राओं की **विशेष सम सैमेस्टर** परीक्षा के परीक्षा फार्म माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** एवं **www.ccsuweb.in** पर विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी द्वारा निम्नांकित तिथि के अनुसार ऑन लाईन भरवाये जाने प्रस्तावित हैं :–

ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने की तिथियाँ निम्नानुसार प्रस्तावित है –

| | | |
|---|---|---|
| 01. | छात्र/छात्राओं द्वारा परीक्षा फार्म वेबसाईट पर ऑन–लाईन भरने एवं ऑन–लाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की प्रारम्भिक तिथि | **23.11.2022** |
| 02. | छात्र/छात्राओं द्वारा ऑन लाईन परीक्षा फार्म भरने तथा ऑनलाईन परीक्षा शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि | **29.11.2022** |
| 03. | समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित परिपूर्ण परीक्षा फार्म सम्बन्धित महाविद्यालयों में जमा कराने एवं सत्यापन कराये जाने की अन्तिम तिथि | **01.12.2022** |
| 04. | महाविद्यालयों/संस्थानों द्वारा परीक्षा फार्म विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अन्तिम तिथि | **03.12.2022** |

नोट :– 1. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 13.10.2022 में लिये गये संकल्पानुसार केवल सैमेस्टर प्रणाली के ऐसे छात्र जिन्होंने अपना पाठ्यक्रम पूर्ण कर लिया है किन्तु किसी एक सम सैमेस्टर के पूर्ण न होने के कारण अपनी उपाधि प्राप्त नहीं कर पा रहे है, को उक्त आयोजित होने वाली स्पेशल सम सैमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित हो उपाधि पूर्ण करने का अवसर प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।**

2. **ऐसे छात्र जिन्होंने अपने पाठ्यक्रम के समस्त सैमेस्टर पूर्ण नहीं किये हैं, उक्त परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह नहीं हैं।**
3. **यह परीक्षा फार्म केवल सम सैमेस्टर (2, 4, 6, 8, 10) हेतु है, विषम सैमेस्टर (1, 3, 5, 7, 9) हेतु फार्म नहीं भरे जायेंगे।**
4. **स्पेशल सम सैमेस्टर परीक्षा में मात्र एक ही सैमेस्टर का परीक्षा फार्म भरा जाना अनुमन्य है।**
5. विश्वविद्यालय नियमानुसार कोई भी अभ्यर्थी एक साथ दो पूर्ण सेमेस्टरों के परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु अर्ह नहीं होगा।
6. ऐसे पाठ्यक्रमों जिनमें पुनः परीक्षा देने की सुविधा विश्वविद्यालय नियमों में अनुमन्य है, ऐसे छात्र/छात्राओं के पुनः परीक्षा फार्म जमा करते समय यह अवश्य सुनिश्चित कर लिया जाय कि सम्बन्धित छात्र/छात्रा ने उन्हीं कोडों की पुनः परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म भरा है, जिनमें वह पूर्व में बैक पेपर परीक्षा हेतु सम्मिलित हो चुका है। अर्थात किसी भी छात्र/छात्रा को, कोड परिवर्तन कर पुनः परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं है।
7. **विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 13.10.2022 में लिये गये संकल्पानुसार विश्वविद्यालय द्वारा संचालित वार्षिक/सेमेस्टर प्रणाली वर्ष 2022 की विशेष परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु ऐसे विद्यार्थी जो अपनी पाठ्यक्रम अवधि पूर्ण होने के 1 वर्ष के उपरान्त कालबाधित है, को रू0 5,000/- प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ विशेष परिस्थितियों में एवं अपनी पाठ्यक्रम पूर्ण होने के उपरान्त 2 वर्ष कालबाधित विद्यार्थियों को रू0 10,000/- प्रति परीक्षा फार्म विलम्ब शुल्क के साथ विशेष परिस्थितियों में परीक्षा फार्म भरवाकर परीक्षा में सम्मिलित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।**
8. समस्त अर्ह छात्र/छात्रायें परीक्षा फार्म भरे जाने से पूर्व विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध वार्षिक/सेमेस्टर पाठ्यक्रमों से सम्बन्धित समस्त नियमों का भली–भाँति अध्ययन करने के पश्चात् ही परीक्षा फार्म भरा जाना सुनिश्चित करें।
9. जिन विद्यार्थियों द्वारा दिसम्बर–2022 की विषम सैमेस्टर परीक्षाओं में सम्मिलित होने हेतु परीक्षा फार्म भरा गया है, उनका सम सैमेस्टर का परीक्षा फार्म स्वीकार नहीं किया जायेगा।

23/11

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

01. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय/संस्थान, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि परीक्षा फार्म अग्रसारण में अर्हता का अच्छी तरह परीक्षण कर लिया जायें कि जिस पाठ्यक्रम के लिए छात्र आवेदन कर रहा है, उसके लिए वह अर्ह है अथवा नहीं।

क्रमश........2

02. सचिव कुलपति को कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वयैक्तिक सहायक, प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वयैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को, वित्त अधिकारी के सूचनार्थ।
05. वयैक्तिक सहायक, कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
06. वयैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
07. लेखाधिकारी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
08. सहा0 कुलसचिव / उप कुलसचिव (परीक्षा / गोपनीय / लेखा)।
09. प्रभारी–कमैटी सेल / अति गोपनीय विभाग।
10. कार्यालय अधीक्षक (गोपनीय)।
11. समस्त प्रभारी / पटल सहायक–परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
12. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र / विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
14. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत एजेन्सी को इस आशय के साथ प्रेषित कि समस्त नियमों / अर्हता के अनुरूप ही **विशेष सम सैमेस्टर परीक्षा** हेतु परीक्षा फार्म भरवाया जाना सुनिश्चित करें।
15. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के **सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए**, छात्र हित में, निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
16. विश्वविद्यालय पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)